STD - IV
व्याकरण
ch - 2
वर्ण विचार

(Thursday)
Date - 20.5.21

1. (क) वर्ण किसे कहते हैं ?

A - भाषा की सबसे छोटी ध्वनि जिसके और टुकड़े नहीं किए जा सकते उसे वर्ण कहते हैं।

(ख) वर्णमाला किसे कहते हैं ? उसके कितने भेद होते हैं ?

A - वर्णों के लिखे गए क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं। उसके दो भेद होते हैं। स्वर वर्ण और व्यंजन वर्ण।

(ग) हिंदी भाषा में कितने स्वर और कितने व्यंजन होते हैं।

A हिंदी भाषा में ~~2~~ 11 स्वर और 33 व्यंजन होते हैं।

(घ) वर्ण-विच्छेद किसे कहते हैं ?

A - वर्ण-विच्छेद यानी वर्णों को अलग-अलग करना। किसी शब्द को अलग-अलग लिखने की प्रक्रिया को वर्ण-विच्छेद कहते हैं।

- स्वर के तीन भेद होते हैं- ह्रस्व स्वर, ...
- किसी शब्द के वर्णों को अलग-अलग कर सबसे छोटी इकाई में विभक्त करना 'वर्ण-विच्छेद' कहलाता है।

## स्वमूल्यांकन

### विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें–

   (क) वर्ण किसे कहते हैं?

   (ख) वर्णमाला किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं?

   (ग) हिंदी भाषा में कितने स्वर और कितने व्यंजन होते हैं?

   (घ) वर्ण-विच्छेद किसे कहते हैं?

2. अनुस्वार ( ं ) एवं अनुनासिक ( ँ ) लगाकर शब्द पूरा करें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) आख | आँख | (ख) जगल | जंगल |
| (ग) अग | अंग | (घ) दात | दाँत |
| (ङ) चाद | चाँद | (च) बदर | बंदर |
| (छ) सुदर | सुंदर | (ज) छाव | छाँव |
| (झ) मगल | मंगल | (ञ) गाव | गाँव |

3. निम्नलिखित वर्णों को मिलाकर शब्द बनाएँ–

(क) र् + आ + म् + अ = राम

(ख) स् + ए + न् + आ = सेना

(ग) द् + इ + न् + अ = दिन

(घ) क् + उ + ल् + अ = कुल

(ङ) फ् + ऊ + ल् + अ = फूल

4. निम्नलिखित शब्दों के वर्णों को अलग-अलग करके लिखें–

(क) मेरी म् + ए + र् + ई ।

(ख) शुभ श् + उ + भ् + अ ।

(ग) चार च् + आ + र् + अ ।

(घ) दूर द् + ऊ + र् + अ ।

(ङ) छोटे छ् + ओ + ट् + ए ।

5. उचित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य पूरे करें–

(क) वर्णों के व्यवस्थित और क्रमबद्ध रूप को वर्णमाला कहते हैं।

(ख) हिंदी भाषा में स्वरों की संख्या ग्यारह और व्यंजनों की संख्या तैंतीस है।

(ग) जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वर से दुगुना समय लगता है, उसे दीर्घ कहते हैं।

(घ) ऊष्म व्यंजनों की संख्या चार है।

(ङ) हिंदी वर्णमाला में स्वर और व्यंजन दो वर्ण हैं।

6. बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाएँ–

(क) भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है?

(अ) वर्णमाला (ब) वर्ण ✓

(स) स्वर (द) इनमें से कोई नहीं

(ख) वर्णों के व्यवस्थित रूप को क्या कहते हैं?

(अ) स्वर (ब) व्यंजन

(स) वर्णमाला ✓ (द) इनमें से कोई नहीं

(ग) स्वरों की संख्या कितनी होती है?

(अ) 10 (ब) 11 ✓

(स) 12 (द) 9

(घ) प्लुत स्वर का उदाहरण है–

(अ) ऐ (ब) ओ३म् ✓

(स) औ (द) ऋ

(ङ) ऊष्म व्यंजन के उदाहरण है–

(अ) क्, ख्, ग् (ब) य्, र्, ल्, व्

(स) श, ष, स, ह ✓ (द) इनमें से कोई नहीं

7. वर्णों पर मात्राएँ इस प्रकार लगाएँ कि वे फूलों के नाम बन जाए–



| ग | ल | ब |

गुलाब



| ग | द |

गेंदा



| स | र | ज | म | ख |

सूरजमुखी



| च | म | ल |

चमेली